# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी चौहटन जिला बाड़मेर

राजस्व आवेदन सं. 363 / 2023

पीठासीन अधिकारी – श्री सूरजभान विश्नोई, आर.ए.एस

अन्तर्गत धारा 131,136 रा.भू.रा.अ.

अनवान

प्रार्थी – 1.मिश्री पुत्र वली
जाति मुसलमान, निवासी सरूपे का तला
तहसील धनाऊ, जिला बाडमेर।

बनाम

विप्रार्थीगण – 1.राज्य सरकार जरिये तहसीलदार सेडवा (वर्तमान धनाऊ)

अधिवक्तागण –

प्रार्थी :– श्री हासम खान

विप्रार्थीगण :–

उपखण्ड अधिकारी (SDO) चौहटन

## निर्णय

दिनाक – 28.03.2024

प्रार्थी के आवेदन का सार संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी की खातेदारी, कब्जा काश्त का खेत तहसील धनाऊ के मौजा सरूपे का तला में खसरा सं. 770 / 333 रकबा 40.00 बीघा का आया हुआ है, जिसका मूल खसरा सं. 335 / 5 था, उक्त मूल खसरे का विभाजन होकर अलग तरमीम की गई। उक्त भूमि प्रार्थी के पिता वली पुत्र मुकीम को दिनांक 15.01.1970 को आवंटन हुई थी। जिसका नियमन आदेश मय नक्शा सलंग्न है, इसी अनुसार प्रार्थी की ढाणियां, टांके, बाराबाडे इत्यादि बने हुए है। मौके पर इसी तरमीम के अनुसार कब्जा काश्त है।

मूल खसरा स. 333 / 5 में से प्रशासन ... के संग अभियान मे तरमीम के वक्त मौके पर कब्जे काश्त ढाणी से भिन्न ... निरीक्षक द्वारा मौका देखे बिना नक्शे में गलत तरमीम कर दी। जिसे दुरस्त ... प्रार्थी ... है, जिस हेतु आवेदन पेश कर इस्तदुआ चाही गई है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Suraj Bhan Vishnoi
Date: 2024.05.09 17:43:31 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
चौहटन

प्रार्थी का आवेदन दर्ज रजिस्टर किया जाकर विप्रार्थी को रजि.नोटिस जारी किया गया। तहसीलदार धनाऊ से रिपोर्ट तलब की गई, जो प्राप्त हुई।

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी वकील की ओर से ब्रिफ होल्डर अधिवक्ता श्री शाकर खान एव उपस्थित हुए। तहसीलदार धनाऊ से प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन किया । प्रार्थी अधिवक्ताओं को सुना गया। पत्रावली का अध्ययन अवलोकन किया गया । पत्रावली पर सलंग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया । जिसके आधार पर स्पष्ट होता है कि प्रार्थी का आवेदन स्वीकार करने योग्य है। अतः प्रार्थी का आवेदन अन्तर्गत धारा 131, 136 RLR Act का स्वीकार किया जाकर तहसील धनाऊ के मौजा सरूपे का तला के खसरा सं. 770/333 रकबा 40.00 बीघा की तरमीम तहसीलदार धनाऊ से प्राप्त तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट अनुसार दुरस्त करने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार धनाऊ से प्राप्त रिपोर्ट निर्णय का अनिवार्य अग रहेगा। निर्णय आज दिनांक 28.03.2024 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

पत्रावली निर्णय शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। संख्या से एक कम हो।

(सूजरभान विश्नोई )
उपखण्ड अधिकारी
चौहटन

उपखण्ड अधिकारी
चौहटन

Signature Not Verified

Digitally signed by Suraj Bhan Vishnoi
Date: 2024.05.09 17:43:31 IST
Reason: SelfAttested

# कार्यालय तहसीलदार धनाऊ जिला—बाड़मेर

क्रमांक / राजस्व / 2023 / 906 दिनांक 20.9.2023

माननीय न्यायालय सहायक कलक्टर
एवं उपखण्ड अधिकारी महोदय
सेड़वा

विषय— राजस्व आवेदन सख्या 272 / 2023 अनवान मिश्री बनाम तहसीलदार धनाऊ धारा 131,136 आर.एल.आर.एक्ट में तरमीम दुरस्ती हेतु तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवाने बाबत्

प्रसंग— श्रीमान का पत्रांक / रीडर / 2023 / 1410 दिनांक 01.08.2023 के सदर्भ मे

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्ग एवं प्रसंगिक उनवान के सदर्भ में निवेदन है कि प्रार्थीगण की खातेदारी के खेत खसरा नम्बर 770 / 333 रकबा 40 बीघा किस्म बा.सो. की लठ्ठा ट्रेश मे पूर्व की गई तरमीम को दुरस्त करवाने बाबत् निवेदन किये जानें पर माननीय न्यायालय द्वारा तहसीलदार धनाऊ को कमीश्नर नियुक्त कर जांच रिपोर्ट चाहने पर साक्ष्य सबूत सहित मौके एवं रेकर्ड की जांच निम्नानुसार है।—

1. उक्त प्रकरण में दिनांक 22.8.2023 को हल्का पटवारी के साथ स्वमं ने मौका मुआयना किया गया मौजा सरूपे का तला के खेत खसरा नम्बर 770 / 333 रकबा 40 बीघा भूमि पर प्रार्थी मिश्री वल्द वली का कब्जा मय आवारीय ढाणी एवं मौके पर आशिक भाग पर बाजरा ग्वार की काश्त होना पाया गया खसरा नम्बर 770 / 333 के दक्षिण भाग में प्रार्थी का कब्जा काश्त है।
2. इसी खेत के पड़ोसियान खसरा नम्बर 909 / 782 के खातेदार अनोपा पुत्र धना व ग्राम के मौजिज लोगो ने बताया की इसी आराजी पर प्रार्थी का करीबन 50 वर्षो से वक्त आवंटन से कब्जा काश्त है मौके पर पुरानी आवासीय ढाणी बनी हुई है जिसमें प्रार्थी का परिवार सहित निवास है।
3. राजस्व रेकर्ड का अवलोकन करने पर पाया की खसरा नम्बर 829 / 333 रकबा 40 बीघा की वर्तमान में प्रार्थी मिश्री वल्द वली कौम मुसलमान की खातेदारी दर्ज है जिसका मौका देखने पर पाया की उक्त भूमि मौके पर खाली है एवं प्रार्थी का इस आराजी पर कब्जा नहीं है जानकारी करने पर ज्ञात हुआ की वर्तमान में दर्ज खातेदारी भूमि पर प्रार्थी का कभी कब्जा नहीं रहा है।
4. मौका एवं राजस्व रेकर्ड का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि प्रार्थी मिश्री वल्द वली का वर्तमान में कब्जा मौजा सरूपे का तला के खेत खसरा नम्बर 770 / 333 में है एवं प्रार्थी के कब्जा अनुसार इसी खसरा नम्बरान की आराजी की खातेदारी दर्ज किया जाना है।

अतः खसरा नम्बर 829 / 333 के स्थान पर खसरा नम्बर 770 / 333 में रकबा 40 बीघा की तरमीम दुरस्ती किया जाना ... है।

वाछित तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट सादर प्रस्तुत है।

सलग्न —मूल मौका फर्द एवं राजस्व रेकर्ड ... कुल कागजात 8

Signature Not Verified
Digitally signed by Suraj Bhan Vishnoi
Date: 2024.05.09 17:43:31 IST
Reason: SelfAttested

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा
प्राप्ति क्रमांक 337
दिनांक 04 / 10 / 2022
ई—मेल ......

तहसीलदार धनाऊ